




## एक नजर में

### अर्जुन सोनी ने जाते-जाते दी दो जिंदगियों को रोशनी, गरोठ में 19वां नेत्रदान कार्यक्रम

**गरोठ।** नेत्रदान के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते नगर में एक और प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। गुरुवार को स्वर्गीय अर्जुनजी सोनी के निधन के पश्चात उनके परिवारजनों ने साहसिक निर्णय लेते हुए नेत्रदान कर दो जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी देने का पुनीत कार्य किया। भारत विकास परिषद के सचिव हेमंत पाटीदार ने बताया कि सोनी समाज के अर्जुन सोनी के देवलोक गमन के बाद उनके पुत्र अनिल सोनी एवं सुनील सोनी ने इस दुख की घड़ी में भी समाजहित में नेत्रदान का निर्णय लिया। परिवार के संजय सोनी ने परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी नरेंद्र चौधरी से संपर्क कर व्यवस्था सुनिश्चित कराई। समाजसेवी राजेश चौधरी के सहयोग से शामगढ़ से आए डॉ. उमेश गहलोत एवं महेश मांदलिया ने नेत्र उत्सर्जन की प्रक्रिया संपन्न की। इस नेत्रदान के साथ ही गरोठ में इस सत्र का पहला तथा अब तक कुल 19वां नेत्रदान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष सुरेश पाटीदार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्य समाज में प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए जागरूक कर रहे हैं।

### स्कूटी और मोटरसाइकिल की टक्कर, दो घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**पिपलियामण्डी।** फोरलेन स्थित बोतलगंज क्षेत्र में शुक्रवार सुबह स्कूटी और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घटना सुबह करीब 9.11 बजे मधुरम होटल के सामने की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में स्कूटी सवार शरदकुमार गुप्ता (59) निवासी गांधीनगर मंदसौर एवं भागवन्ती (35) पत्नी जगदीश कुमावत निवासी सरसोंद, दलौदा घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पैरामेडिकल स्टाफ विशाल गिरीश भाटी ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद पायलट हरीश गुर्जर के साथ उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश रघुवंशी को विदिशा जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी की सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार मंदसौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश रघुवंशी को विदिशा जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति को संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के पायलट प्रोजेक्ट के तहत मध्यप्रदेश में विदिशा जिले का चयन किया गया है। इस योजना का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, प्रशिक्षण प्रदान करना, कार्यकताओं को सक्रिय करना एवं आगामी पंचायत, नगरीय निकाय, विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के मद्देनजर संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाना है। श्री रघुवंशी को संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता एवं जमीनी पकड़ के आधार पर यह दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने पूर्व में भी कांग्रेस संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहकर जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। इस नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री रघुवंशी को बधाई दी है तथा विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में विदिशा जिला कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनेगा।

## गरोठ के सांदीपनी विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह

**गरोठ।** सांदीपनि विद्यालय गरोठ जिला मंदसौर में 2025-2026 में कक्षा 12वीं और 10वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे छात्रों का सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चन्दरसिंह सिसौदिया रहे। विशिष्ट अतिथि महेश मालवीय उपाध्यक्ष नगर परिषद गरोठ, अशोक पहलवान एल्डरमैन नगर परिषद गरोठ, दिनेश गुरूकृपा भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष गरोठ, अनिल मेघवाल भाजपा मण्डल महामंत्री गरोठ, राजु मगर वरिष्ठ पार्षद, श्यामसिहजी चौहान भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष गरोठ, अमित चौधरी भाजपा नेता, नरेश व्यास भाजपा नेता, देवेन्द्रसिंह सिसोदिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी गरोठ और नेपालसिंह तोमर बीआरसीसी गरोठ रहे।



अतिथियों का छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्राओं द्वारा की गई। सभी अतिथियों को तिलक लगाकर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य प्रवीण कुमार व्यास, प्रधानाध्यापक मावि रामगोपाल मालवीय, प्रधानाध्यापक प्रावि ममता पाटीदार ने सभी अतिथिगणो को प्रतीक चिह्न भेट किए।

सभी अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत देवेन्द्रसिंह सिसौदिया बीईओ गरोठ, विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार व्यास, प्रधानाध्यापक मावि रामगोपाल मालवीय, प्रधानाध्यापक प्रावि ममता पाटीदार और विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्यो ने किया।

स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार व्यास ने दिया और विद्यालय के प्रतिवेदन मे वर्षभर की उपलब्धि को बताया। अतिथिगणो ने विद्यार्थियो और उनके पालको को प्रेरक उद्बोधन दिया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चन्दरसिंहजी सिसौदिया ने प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियो को बधाई प्रेषित की। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ का उल्लेख किया और शाला के 12 वी कक्षा मे प्रथम आनेवाले छात्र परवेज पिता अब्दुल कादिर मंसूरी और छात्रा एलिना पिता सिराज मोहम्मद को सम्मानित किया शाला के प्राचार्य ने छात्रा को 2100 रूपये का नगद पुरूस्कार दिया। स्वागत के लिए विद्यालय की छात्राओ द्वारा समूह नृत्य किया गया जिस पर प्रसन्न होकर विधायक द्वारा छात्राओ को 2100 रूपये का नकद पुरूस्कार दिया। इस सत्र में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कक्षा 12वी व 10वी के सभी विद्यार्थियो को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। स्कूल के टीचरों को भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और उल्लेखनीय गतिविधियो के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ललित किशोर यादवेन्दु और चेतन गुप्ता ने किया।

## बोराना गुजराती सेन समाज के जिला महामंत्री नियुक्त

**मंदसौर। गुजराती सेन समाज की संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने और समाज को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मंदसौर गुजराती सेन समाज के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष बलराम राठौड़ ने संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए पिपलिया मंडी के अजय बोराना (जोंटी भाई) को वरिष्ठ जिला महामंत्री के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।**



अजय बोराना की इस नियुक्ति की घोषणा होते ही समूचे जिले के सेन बंधुओं और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। समाजजनों का मानना है कि अजय बोराना के अनुभव और सक्रियता से समाज के संगठन को जिले भर में नई मजबूती मिलेगी।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिले भर से समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। शुभकामनाएँ देने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. राजेश बोराना, डॉ. राजेश परमार, अंतिम देवड़ा, अशोक परमार, प्रहलाद परिहार, अर्जुन सेन राठौड़, राकेश सेन सम्राट, अनिल परिहार, हरीश परमार (गिगल), जगदीश परमार (रलायता), मनीष सेन राठौड़ (मोनू), विजय परमार (जागीरदार) एवं राजेश परिहार सहित अनेक समाजजन सम्मिलित हैं। सभी ने आशा व्यक्त की है कि नव-नियुक्त जिला महामंत्री समाज के उत्थान और एकजुटता के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

## कॉम्बिंग गश्त में पकड़ाए 106 वारंटी

**मंदसौर। जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 1 मई को मंदसौर पुलिस ने रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त के दौरान व्यापक कार्रवाई करते हुए कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं।**

थाना सीतामऊ पुलिस ने एम्बुलेंस से 22 कट्टों में भरा करीब 3 क्विंटल 99 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा, एक देसी पिस्टल, मैग्जीन, दो जिंदा राउंड एवं एक खाली खोखा जब्त किया। वहीं थाना दलौदा ने 5 हजार रुपये के इनामी स्थायी वारंटी जाबीर मुल्तानी को गिरफ्तार किया।

थाना शामगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में फरार 5 हजार के इनामी आरोपी सुल्तानसिंह निवासी हरनावदा (जिला झालावाड़) को पकड़ा, जबकि थाना भानपुरा पुलिस ने अपहरण के मामले में 5 हजार के इनामी आरोपी जे.के. भील को गिरफ्तार किया। इस प्रकार तीन अलग-अलग थानों ने कुल तीन इनामी आरोपियों को दबोचने में सफलता पाई।

### अवैध शराब भी जब्त

कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिलेभर में कुल 106 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 56 स्थायी एवं 44 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। साथ ही पुलिस ने 95 हिस्ट्रीशीटर, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग की। इसके अतिरिक्त अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 19 प्रकरण दर्ज कर 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 105.34 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस की इस सघन कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक माना जा रहा है।

**एक नजर** पुष्पमाला पहनाकर मनाया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

## मजदूर दिवस पर नगर कांग्रेस ने किया सम्मान

**पिपलिया मण्डी। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने मजदूर भाइयों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान श्रमिकों के योगदान को याद करते हुए उनके अधिकारों और सम्मान पर जोर दिया गया।**



ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने मजदूर दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरुआत 19 वीं सदी में हुई थी। उस समय मजदूरों से 12 से 16 घंटे तक काम कराया जाता था। 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो में हजारों मजदूरों ने 8 घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर हड़ताल की, जो आगे चलकर हेमार्केट घटना के रूप में प्रसिद्ध हुई। इस आंदोलन ने पूरी दुनिया का ध्यान मजदूरों के अधिकारों की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि मजदूर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि श्रमिक समाज की रीढ़ हैं। यह दिन उनके अधिकारों, बेहतर कार्य परिस्थितियों और उचित वेतन की आवश्यकता को उजागर करता है तथा सामाजिक न्याय और समानता का संदेश देता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा ने कहा कि आज भी कई स्थानों पर मजदूरों को उचित वेतन और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में मजदूर दिवस केवल एक अवकाश नहीं, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम है। कार्यक्रम में पार्षद बाबूभाई मंसूरी, कांग्रेस नेता दिनेश गुप्ता काचरिया, विपिन तिवारी, भेरु पप्पू गुर्जर, कंवरलाल चौहान (सेमली) सहित मजदूर उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### नीमच नगर पालिका को मिले 8 नए वाहन, सफाई व्यवस्था होगी और मजबूत



**नीमच।** शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर पालिका नीमच के वाहन बेड़े में 8 नए वाहन शामिल किए गए हैं। इनका लोकार्पण पुरानी नगर पालिका स्थित बंगला नंबर 60 परिसर में विधायक दिलीप सिंह परिहार एवं नपाध्यक्ष स्वाति चोपड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम से पहले सभी नए वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस नए बेड़े में 5 इलेक्ट्रॉनिक कचरा संग्रहण वाहन और 3 ट्रैक्टर शामिल हैं, जो शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रंजना सिंह परमार, नगर मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चोपड़ा, वाहन शाखा सभापति कुसुम जोशी सहित कई जनप्रतिनिधि और पार्षद मौजूद रहे। साथ ही नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए लगातार संसाधनों में बढ़ोतरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में फायर ब्रिगेड सहित अन्य आवश्यक वाहन भी खरीदे गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इन नए वाहनों के शामिल होने से शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा और नीमच स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा। साथ ही नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग की अपील भी की गई।

### नो एंट्री में सख्ती : प्रतिबंध के बावजूद घुसे भारी वाहन




**नीमच।** शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक दबाव को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा भारी वाहनों पर लगाया गया प्रतिबंध अब सख्ती से लागू कराया जा रहा है। जिला दण्डाधिकारी हिमांशु चंद्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के तहत जारी आदेश के अनुसार 15 मई 2026 तक सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रशासन ने हिंगोरिया रेलवे फाटक, भरभड़िया फंटा, जावद फंटा, नाका नंबर 7 से फव्वारा चौक, अंबेडकर रोड, मूलचंद मार्ग, पंचवटी कॉलोनी, टेगोर मार्ग सहित कई प्रमुख मार्गों को 卐नो एंट्री जोन卐 घोषित किया है, जहां इस अवधि में भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह वर्जित है। इसके बावजूद दशहरा मैदान क्षेत्र में स्थित अग्रवाल ट्रांसपोर्ट और निम्बाहेड़ा गोल्डन ट्रांसपोर्ट द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए शहर के भीतर भारी वाहनों से माल लोडिंग-अनलोडिंग की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही यातायात थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए संबंधित ट्रकों को जब्त कर लिया। यातायात प्रभारी सोनू बडगुर्जर ने स्पष्ट किया कि शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित है। यदि कोई भी वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रभु के रूप को आत्मा में भी करें दर्शन, तभी होगा कल्याण : साध्वी सुप्रसन्नाश्रीजी

**नीमच। परमात्मा का भक्त जब भी कभी परमात्मा की प्रतिमा में दर्शन करता है तो उसमें उन्हें भगवान का ही स्वरूप दिखाई देता है। प्रभु दर्शन तभी सार्थक होते हैं जब हम उसमें प्रभु के स्वरूप को अंतरात्मा से दर्शन करें। हम सामने वाले की आत्मा में भी परमात्मा के दर्शन करें तभी हमारा ध्वजा महोत्सव मनाना सार्थक हो सकता है।**



प्रभु दर्शन के पश्चात अंतर्मन में संसार में किसी के भी प्राणी मात्र के प्रति राग द्वेष का भाव नहीं हो तभी हमारा मंदिर प्रतिष्ठा दान ध्वजा दान पुण्य आदि करना सार्थक सिद्ध हो सकता है। कण-कण में भगवान यह दृष्टिकोण के बिना आत्म कल्याण का मार्ग नहीं मिलता है। यह बात साध्वी सुप्रसन्ना श्री जी मसा ने कहीं। वे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेंद्र सूरी जैन मंदिर श्री पार्श्वनाथ राजेंद्र सूरी राजमल पान बाई डूंगरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट जैन कॉलोनी नीमच के तत्वावधान में मंदिर ध्वजारोहण महोत्सव में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संसार में रहते हुए भी परिवारजनों के प्रति भी प्रभु तत्व मन में रहना चाहिए।

परिवारजनों और संसार जनों के प्रति राग द्वेष का भाव नहीं रखना चाहिए तभी हमारा जीवन आत्म कल्याण के मार्ग की अग्रसर हो सकता है। ध्वजा महोत्सव में साध्वी अनंत गुणा श्री जी महाराज साहब की निश्रा में साध्वी सुप्रसन्ना श्री जी मसा, साध्वी आत्म प्रसन्नाश्री जी मसा, साध्वी परम प्रसन्न श्री जी मसा का सानिध्य भी मिला। पूर्णिमा शुक्रवार सुबह 6.30 स्नात्र पूजन विधि कारक पंकज जैन झार्डा द्वारा तथा सुबह 7 बजे सत्तरभेदी पूजन करवाया गया, सुबह 7.45 बजे ध्वजारोहण यात्रा जुलूस संघवी राजमल डूंगरवाल के निवास दशहरा मैदान से प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ जैन कॉलोनी स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचकर ध्वजा कार्यक्रम में परिवर्तित हो गया 8:30 बजे समाज जनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेंद्र सूरी महिला भक्त मंडल द्वारा पंचकल्याणक पूजन 10:30 बजे आयोजित किया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभु जी की अंग रचना आरती एवं प्रभु भक्ति शाम 7:30 बजे आयोजित की गई। समाज रत्न राजमल, सुशील संघवी, राजेंद्र डूंगरवाल, अरुण चौरडिया, प्रकाश चौरडिया, प्रशम जयवर्धन, ईशान डूंगरवाल नीमच परिवार सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।



## गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव भक्ति के साथ मनाया

**नीमच। नाथ संप्रदाय के आराध्य गुरु गोरखनाथ जी महाराज के प्रकटोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक आयोजन शुक्रवार को भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। योगीराज राजगुरु नाथ समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में शहर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार रात श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गुरुदेव की आरती से हुआ। इसके बाद संत-महंतों द्वारा निर्गुण भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रातभर चले इस भक्ति कार्यक्रम में श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। शुक्रवार सुबह 6:30 बजे गुरु गोरखनाथ जी की विशेष आरती के बाद भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा खाटू श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर घंटाघर, बारादरी, फव्वारा चौक और कमल चौक होते हुए पुन: श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान जय गुरु गोरखनाथ के जयकारों से शहर गूंज उठा। भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं ने आयोजन को जीवंत बना दिया। मंदिर पहुंचने पर महाआरती संपन्न हुई और संत-महात्माओं का स्वागत-सत्कार किया गया। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को संतों के हाथों सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह का संचार हुआ। आयोजन के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**एक नजर** जिलेभर में घर-घर गायत्री महामंत्र की गूंज सुनाई दी और श्रद्धालु परिवारों ने यज्ञ के माध्यम से आहुतियां समर्पित कर आध्यात्मिक वातावरण किया निर्मित

## घर-घर गूंजा गायत्री मंत्र, बुद्ध पूर्णिमा पर हर घर किया गायत्री महायज्ञ

**नीमच। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज के मार्गदर्शन में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर 1 मई को राष्ट्रव्यापी गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान जिलेभर में घर-घर गायत्री महामंत्र की गूंज सुनाई दी और श्रद्धालु परिवारों ने यज्ञ के माध्यम से आहुतियां समर्पित कर आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया।**



जिला समन्वयक गिरिराज सिंह चौहान ने बताया कि नीमच सहित ग्वालटोली, भोलियावास, मालखेड़ा, जावद, अठाना, मनासा, रामपुरा, जीरन, सिंगोली समेत कई क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर यज्ञ संपन्न करवाए। बड़ी संख्या में परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने घरों को यज्ञस्थली में परिवर्तित कर दिया।

अभियान की सफलता के लिए पूर्व में ही कर्मकांड प्रशिक्षण, यज्ञ सामग्री किट और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। समयदानी परिजनों ने विधिपूर्वक यज्ञ कराते हुए 卐विचार क्रांति卐 का संदेश जन-जन तक पहुंचाया और विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि एवं मानव कल्याण की कामना की। इस अभियान में आधुनिक तकनीक का भी उपयोग देखने को मिला। ऑनलाइन यज्ञ, यूट्यूब और कर्मकांड एप के माध्यम से भी श्रद्धालुओं ने अपने घरों में यज्ञ संपन्न किया। यह राष्ट्व्यापी आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मकता और संस्कारों के प्रसार का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा।